an>

Title: Need to include Tonk, Sawai Madhopur and Gangapur cities of Rajasthan in the first phase of Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा माह जून, 2015 में ""अटल अमृत योजना"" का शुभारंभ किया गया था। इस योजना के तहत शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजस्थान के कुल 28 शहरों का चयन किया गया, जिसमें मेरे संसदीय क्षेत्र के टोंक, सवाई माधोपुर व गंगापुर सिटी को ""अमृत योजना"" में शामिल किया गया है, परन्तु योजना के शुरूआत के प्रथम चरण में कुल 12 जिलों को ही शामिल किया गया है। इन 12 जिलों में मेरे संसदीय क्षेत्र के शहर टोंक, सवाई माधोपुर व गंगापुर सिटी को शामिल नहीं किया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र के सवाई माधोपुर में एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रणथम्भौर है, जिसमें लाखों की संख्या में पर्यटक देश व विदेश से घूमने आते हैं और बरवाडा में ""चौथ माता"" का पूरे देश में एकमात्र मंदिर है जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है। टोंक जिले में वनस्थली विद्यापीठ विश्वविद्यालय है जिसमें देश के कोने-कोने से छात्राएं आकर पढ़ रही हैं।

अतः मेरा माननीय शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के शहर टोंक, सवाई माधोपुर व गंगापुर सिटी को भी ""अमृत योजना"" के प्रथम चरण में शामिल किया जाए, जिससे टोंक, सवाई माधोपुर व गंगापुर सिटी की आम जनता के साथ-साथ छात्राओं, पर्यटकों व श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सके।